# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (07.12.2024)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 07.12.2024, PAGE-06

# विवि में नियमित कक्षा के लिए होगी सख्ती

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में नियमित कक्षा के लिए सख्ती बरती जाएगी। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने पिछले दिनों प्राचार्यों के साथ बैठक कर कॉलेजों में नियमित रूप से कक्षा लेने का निर्देश दिया था। इसके बाद सभी कॉलेजों को कहा गया कि शिक्षक लगातार नियमित कक्षा लें। इसके अलावा अगर किसी शिक्षक की ड्यूटी मूल्यांकन में है तो उसे हर हाल में दो कक्षा लेकर ही मूल्यांकन कार्य में जाना है।

विवि लगातार इसकी मॉनिटिरंग करेगा कि किस कॉलेज में कितनी कक्षाएं हो रही हैं। उधर, एलएनटी कॉलेज में ऑनलाइन कक्षा के लिए स्टूडियो तैयार कर लिया गया है। प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह ने बताया कि 14 दिसंबर को स्टूडियो का उद्घाटन होगा। उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. रेखा कुमारी और कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय स्टूडियो का उद्घाटन करेंगे।

**BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR**

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 07.12.2024, PAGE-10**

# बाबा साहेब के विचारों को देश कर रहा आत्मसात

## वीसी बोले

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में शुक्रवार को बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सीनेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने कहा कि देश बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर रहा है।

आयोजन समिति के सचिव एवं विवि के उप सचिव-2 डॉ. बिनोद बैठा ने अतिथियों का स्वागत किया। राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. (डॉ) अनिल कुमार ओझा ने विषय प्रवेश करवाया। पूर्व प्राचार्य प्रो. हरि नारायण ठाकुर ने कहा कि जातीय जनगणना की मांग बाबा साहेब की सोच से निकली है। कुलानुशासक प्रो.(डॉ) विनय शंकर राय ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता विदेशों में भी बढ़ रही है। विवि के अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार की समावेशी योजनाओं में बाबा साहेब के दृष्टिकोण का प्रभाव झलकता है। प्रो. ओपी राय, प्रो.ममता रानी, प्रो.अभय कुमार, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. रमेश गुप्ता, प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ.शरदेन्दु शेखर, डॉ.लोकमान्य रवींद्र प्रताप, डॉ.संजीव राम, प्रो.रेणु शुक्ला, प्रो. अलका जयसवाल, प्रो. रवि श्रीवास्तव, प्रो. चन्द्रशेखर प्रसाद, प्रो.राजीव झा, प्रो. अमिता शर्मा, प्रो. रजनीश गुप्ता आदि थे। संचालन पूर्व उप कुलसचिव उमाशंकर दास व धन्यवाद ज्ञापन गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो.(डॉ) कुसुम कुमारी ने किया। **कुढ़नी :** केरमा स्थित विवाह भवन में श्रद्धांजलि दी गई। राजद नेता शंकर कुशवाहा ने कहा कि बाबा साहेब संविधान के शिल्पकार थे।



विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में शुक्रवार को कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR,
DATE : 07.12.2024, PAGE-02

## स्नातक से पीजी व अन्य परीक्षाओं में पेंडिंग दूर करने को होगी कार्यशाला

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक से लेकर पीजी समेत अन्य परीक्षाओं में पेंडिंग रिजल्ट दूर करने के लिए विशेष योजना बनाई गई है। अब इंटरनल व प्रैक्टिकल परीक्षा के अंक पोर्टल से भेजे जाएंगे। इसका लागइन व पासवर्ड कालेजों को उपलब्ध कराया गया है। बेहतर संचालन के लिए जल्द ही विश्वविद्यालय स्तर से कार्यशाला होगी। कुलपति प्रो. डीसी राय ने पेंडिंग रिजल्ट की समस्या पर अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें बताया गया कि एक ही समस्या के लिए एक ही कालेज के छात्र अलग-अलग पहुंचते हैं। इससे एक ही समस्या के समाधान के लिए प्रक्रिया करनी होती है। ऐसे में कालेजों को निर्देश दिया जाएगा कि वे छात्र-छात्राओं के रिजल्ट संबंधित गड़बड़ी वाले आवेदन समेकित कर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराएं। पेंडिंग के कारणों की जानकारी देते हुए बताया गया कि कालेज ससमय इंटरनल व प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक नहीं भेजते हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 07.12.2024, PAGE-04**

## परिनिर्वाण दिवस. बीआरएबीयू के सीनेट सभागार में समारोह, वक्ताओं ने रखे विचार

# गरीब बच्चों को पढ़ने में दें सहयोग, यही बाबा साहेब के प्रति होगी सच्ची श्रद्धांजलि

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के केंद्रीय पुस्तकालय स्थित सीनेट सभागार में भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर स्मृति सह श्रद्धांजलि सभा हुई.अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने की.

इससे पूर्व विवि स्थित आंबेडकर उद्यान में स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर कुलपति सहित सभी गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण किया. वीसी ने कहा कि देश ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात किया है. यही कारण है कि देश का विकास भी तीव्र गति से हो रहा है.

उन्होंने कहा कि गरीब बच्चों की पढ़ाई में सहयोग कीजिये. बाबा साहेब के विचारों के प्रति यही सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी. आयोजन समिति के सचिव एवं विवि के उप सचिव -2 डॉ बिनोद बैठा ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए बाबा साहेब से प्रेरणा लेने की बात कही.



विवि के सीनेट हॉल में सभा को संबोधित करते कुलपति डॉ डीसी राय व अन्य.

### लड़ाई सामाजिक और सांस्कृतिक ज्यादा थी

आज का समय व डॉक्टर आंबेडकर विषय पर आयोजित स्मृति सभा में मुख्य अतिथि मशहूर दलित चिंतक-लेखक एवं पूर्व प्राचार्य प्रो हरिनारायण ठाकुर ने व्याख्यान दिया. कहा कि बाबा साहेब की लड़ाई राजनीतिक से अधिक सामाजिक व सांस्कृतिक थी. उन्होंने कहा कि वर्तमान में हो रहे जातीय जनगणना की मांग बाबा साहेब की सोच से निकली है.

डॉ आंबेडकर की चेतना के विकास को रेखांकित करते हुए उन्होंने छूआछूत, भेदभाव एवं धर्म संस्कृति को महत्त्वपूर्ण बताया. बाबा साहेब का स्पष्ट मानना था कि समाज का परिवर्तन धर्म के माध्यम से ही होगा और जबतक समाज में परिवर्तन नहीं होगा तबतक देश की राजनीति परिवर्तित नहीं होगी.

### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर प्रो ओपी राय, प्रो ममता रानी, प्रो अभय, प्रो मनोज, प्रो रमेश गुप्ता, प्रो प्रमोद, डॉ शरदेन्दु शेखर, डॉ लोकमान्य रवींद्र प्रताप, डॉ संजीव राम, प्रो रेणु शुक्ला, प्रो अलका जयसवाल, प्रो रवि श्रीवास्तव, प्रो चन्द्रशेखर प्रसाद, प्रो राजीव झा, प्रो अमिता शर्मा, प्रो रजनीश गुप्ता, प्रो रामकुमार, प्रो मनोज कुमार, प्रो संजय, प्रो बीरेंद्र चौधरी, प्रो विजय, प्रो सैयद आले मुज्तबा, प्रो राजीव, प्रो. शास्त्री, डॉ राजीव कुमार, डॉ सुबालाल पासवान, डॉ राकेश रंजन, डॉ सुशांत कुमार, डॉ उज्ज्वल आलोक, डॉ विकास, डॉ अमर बहादुर शुक्ला समेत अन्य मौजूद थे. संचालन पूर्व उप कुलसचिव उमाशंकर दास व धन्यवाद ज्ञापन विवि गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो कुसुम ने किया.

### योजनाओं में बाबा साहेब के दृष्टिकोण

विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो अनिल ओझा ने बाबा साहेब की संघर्षों को याद करते हुए विषय प्रवेश करवाया .उन्होंने बाबा साहेब के रचनात्मक कार्यों का उल्लेख करते हुए उनके द्वारा भोगे हुए यथार्थ को रेखांकित किया . कुलानुशासक प्रो विनय शंकर राय ने कहा कि डॉ आंबेडकर की प्रासंगिकता दिन प्रतिदिन बढ़ रही है . उनके विचारों की प्रासंगिकता न सिर्फ देश बल्कि विदेश में भी बढ़ रही है . अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो आलोक प्रताप सिंह ने डॉ आंबेडकर के अर्थशास्त्र संबंधी अध्ययन एवं सोच पर व्याख्यान दिया . कहा कि आज भी भारत सरकार की समावेशी योजनाओं में बाबा साहेब के दृष्टिकोण का प्रभाव देखने को मिलता है .